# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 05.08.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 05.08.2025

### वीडीए ने ध्वस्त कराई 5.5 बीघे की अवैध प्लॉटिंग

**वाराणसी।** वीडीए ने सोमवार को शिवपुर में 5.5 बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। शिवपुर के अरहक सातों महुआ पावर हाउस के पास बड़ागांव में अज्ञात की ओर से बिना लेआउट स्वीकृत कराए 5.5 बीघे में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। जिस पर नोटिस की कार्रवाई की गई। ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया गया था। इसी क्रम में अवैध निर्माण ध्वस्त कराया गया। जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा और अवर अभियंता रोहित कुमार की अगुवाई में कार्रवाई हुई है। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 05.08.2025

### ज्ञान संस्कृति का संगम होगी लाइब्रेरी

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सोमवार को अर्दली बाजार एलटी कॉलेज में बनने वाली लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ये लाइब्रेरी ज्ञान, संस्कृति और नवाचार का संगम है। उन्होंने बताया कि इसे वीडीए और एनएचपीसी लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से कुल 20 करोड़ की लागत से विकसित किया जा रहा है। लगभग 20,930 वर्गफुट क्षेत्र में निर्मित इस लाइब्रेरी में 500 पाठक एक साथ बैठकर पढ़ सकेंगे। इसमें 35,000 से अधिक पुस्तकों का संग्रह होगा। वीडीए उपाध्यक्ष ने प्रस्तावित लेआउट के तहत लाइब्रेरी के स्थान, संरचना और पहुंच मार्ग को देखा। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 05.08.2025

### प्लाटिंग तोड़ने के साथ सील किया अवैध निर्माण

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर सोमवार को अवैध निर्माण और जमीन की प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन एक के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा ने बताया कि शिवपुर वार्ड के सातो महुआ अरहक में वीडीए से बिना ले-आउट पास कराए साढ़े पांच बीघा में अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग हो रही थी। बुलडोजर से सभी बाउंड्री को तोड़ दिया गया। अवैध प्लाटिंग पर पांच जुलाई को ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया गया था।

## दैनिक जागरण–दि0 05.08.2025

### लाइब्रेरी में सौर ऊर्जा और जल संचयन पर जोर

वाराणसी : वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सोमवार को अर्दली बाजार स्थित एलटी कालेज परिसर में प्रस्तावित लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष ने बताया कि एनएचपीसी लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से 20 करोड़ रुपये में 20,930 वर्ग फीट जमीन में तीन मंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा है। लाइब्रेरी में 500 पाठकों की क्षमता होगी। इसमें 35,000 से अधिक पुस्तकों का संग्रह रहेगा। भूतल पर बाल पठन क्षेत्र, कैफेटेरिया एवं सभागार, प्रथम तल पर डिजिटल पुस्तकालय और ऐतिहासिक दीर्घा और द्वितीय तल पर ग्रीन टैरेस व भवन प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं। (जासं)

## हिन्दुस्तान–दि0 05.08.2025

### अहरक में वीडीए टीम ने सील किया तिमंजिला भवन

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने सोमवार को शिवपुर वार्ड के अहरक सातो महुआ में तीन मंजिल भवन सील किया। पूर्व में नोटिस के बाद भी भवन स्वामी की ओर से अवैध निर्माण जारी रखने पर यह कार्रवाई की गई। भवन को बड़ागांव थाना के सुपुर्द किया गया है। इस दौरान जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा आदि मौजूद थे।

## हिन्दुस्तान–दि0 05.08.2025

### निर्माणाधीन डिजिटल लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सोमवार को एलटी कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को मानक के अनुसार और तय समय पर काम पूरा करने का निर्देश दिया। 20 करोड़ रुपये से लाइब्रेरी का निर्माण कराया जा रहा है।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 05.08.2025

# उपाध्यक्ष ने प्रस्तावित नई लाइब्रेरी का किया स्थलीय निरीक्षण

वाराणसी। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा प्रस्तावित नए लाइब्रेरी के लेआउट के पश्चात स्थलीय निरीक्षण किया गया।



नरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी के स्थान, संरचना, पहुंच मार्ग, आदि का परीक्षण किया गया।यह पुस्तकालय वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा एन.एच.पी.सी. लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से विकसित किया जा रहा है, जिसकी कुल *लागत ?20 करोड़ है। लगभग 20,930 वर्गफुट क्षेत्र में निर्मित यह भवन एक साथ 500 पाठकों की क्षमता वाला होगा और इसमें 35,000 से अधिक पुस्तकों का संग्रह रहेगा। इसका वास्तुशिल्प डिज़ाइन गंगा नदी से प्रेरित है, जो परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम प्रस्तुत करता है।भवन का निर्माण तीन तल में किया जा रहा है, जिसमें भूतल पर बाल पठन क्षेत्र, कैफेटेरिया एवं सभागार, प्रथम तल पर डिजिटल पुस्तकालय और ऐतिहासिक दीर्घा तथा द्वितीय तल पर ग्रीन टैरेस और भवन प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं। यह संरचना सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा दक्ष प्रणाली एवं जल पुनः उपयोग जैसी पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल विशेषताओं से युक्त होगी।इसके पश्चात उपाध्यक्ष द्वारा वर्तमान में संचालित पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर की जाँच की गई तथा पुस्तकालय की सफाई व्यवस्था, विद्युत् आपूर्ति, पेयजल एवं बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया।उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पुस्तकालय परिसर में स्वच्छता, पर्याप्त रोशनी, शुद्ध पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं ससमय सुनिश्चित की जाएँ, जिससे अध्ययन हेतु आने वाले बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा न

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 05.08.2025

# वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने प्रस्तावित नई लाइब्रेरी का किया स्थलीय निरीक्षण

**20,930 वर्गफुट क्षेत्र में निर्मित भवन, 500 पाठकों की क्षमता वाला होगा और इसमें 35,000 से अधिक पुस्तकों का होगा संग्रह**



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग प्रस्तावित नई लाइब्रेरी का स्थलीय निरीक्षण करते हुए

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने प्रस्तावित नए लाइब्रेरी के लेआउट के पश्चात सोमवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान लाइब्रेरी के स्थान, संरचना, पहुंच मार्ग, आदि का परीक्षण भी किया।यह पुस्तकालय वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा एन.एच.पी.सी. लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से विकसित किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 20 करोड़ रु है। लगभग 20,930 वर्गफुट क्षेत्र में निर्मित यह भवन एक साथ 500 पाठकों की क्षमता वाला होगा और इसमें 35,000 से अधिक पुस्तकों का संग्रह रहेगा। इसका वास्तुशिल्प डिज़ाइन गंगा नदी से प्रेरित है, जो परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम प्रस्तुत करता है।

भवन का निर्माण तीन तल में किया जा रहा है, जिसमें भूतल पर बाल पठन क्षेत्र, कैफेटेरिया एवं सभागार, प्रथम तल पर डिजिटल पुस्तकालय और ऐतिहासिक दीर्घा तथा द्वितीय तल पर ग्रीन टैरेस और भवन प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं। यह संरचना सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा दक्ष प्रणाली एवं जल पुन: उपयोग जैसी पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल विशेषताओं से युक्त होगी।इसके पश्चात वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा वर्तमान में संचालित पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया गया।इस दौरान उपस्थिति रजिस्टर की जाँच की गई तथा पुस्तकालय की सफाई व्यवस्था, विद्युत् आपूर्ति, पेयजल एवं बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पुस्तकालय परिसर में स्वच्छता, पर्याप्त रोशनी, शुद्ध पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं ससमय सुनिश्चित की जाएं, जिससे अध्ययन हेतु आने वाले बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।